उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज

पत्रांक : 5118 /चयन/2020–21 दिनांक 29.06.2020

विज्ञप्ति/सूचना (जिस किसी से भी संबंधित हो)

चयनबोर्ड की विज्ञप्ति संख्या– 5060/चयन/2020–21 दिनांक 13.06.2020 द्वारा कोरोना महामारी के दृष्टिगत विज्ञापन वर्ष 2016 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के स्थगित किये गये पूर्व निर्धारित साक्षात्कार को लॉकडाउन समाप्त होने के पश्चात् पुनः प्रारम्भ करने की स्थिति न बन पाने तथा 15 दिन पश्चात् पुनः समीक्षा कर स्थिति से सूचित करने की विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी।

चयनबोर्ड द्वारा इस संबंध में कोरोना महामारी के प्रसार, संक्रमितों की संख्या वृद्धि, यातायात के साधनों के संचालन एवं अन्य जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं का पुनः ऑकलन किया गया एवं पाया गया कि अभी भी स्थगित साक्षात्कार को पुनः प्रारम्भ करने की स्थिति नहीं बन पा रही है। स्थिति सामान्य होने पर लिये गये निर्णय से यथासमय सभी संबंधित को सूचित किया जायेगा, इसके लिए कृपया निरन्तर चयन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट (www.upsessb.org) के सम्पर्क में बने रहें।

29-06-2020
उप सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।